राष्ट्र हित उद्योग हित श्रमिक हित
परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

# ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
# &
# ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

दिनांक: 21-06-2022

## General Circular 02/2022

सम्मानित सहकर्मीजन
आर्यावर्त बैंक वर्कर्स एवं आफ़ीसर्स आर्गनाइजेशन

**त्रैवार्षिक महाधिवेशन समारोह दिनांक 23-07-2022**
**समारोह स्थल – होटल जे० बी० आर०, विराज खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ**

सर्वप्रथम आप सभी लोगों को संगठन की ओर से हार्दिक शुभकमनाएँ| हम व्यक्तिशः तथा संगठन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे आर्यावर्त बैंक परिवार के सभी कार्मिक सुख-समृद्धि एवं कुशलता की पराकाष्ठा के दीपक सदैव अपने जीवन में दीपावली पर्व की भांति प्रज्ज्वलित करते रहें तथा निरंतर सफलता के प्रकाश स्वरूप आनंद का अनुभव करते रहें|

आप सभी को विदित हो कि विगत दिनांक 23-04-2022 को भारतीय मज़दूर संघ से सम्बद्ध बैंक में कार्यरत संगठन वर्कर्स एवं आफ़ीसर्स आर्गनाइजेशन की कार्यसमितियों की संयुक्त बैठक होटल जे०बी०आर० गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न की गयी| जिसमें आपसी विचार-विमर्श एवं सहमति के उपरांत दोनों संगठनों के महाधिवेशन एवं कार्यसमिति का पुनर्गठन, लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 23-07-2022 को होटल जे०बी०आर० गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया| साथ ही संगठन के विधान में भी अपेक्षित संशोधन हेतु प्रस्ताव पारित किए गए| इस अवसर पर संगठन के महाधिवेशन कार्यक्रम को भी आगामी दिनांक 23-07-2022 दिन शनिवार को लखनऊ के **The Grand JBR, CF-129, विराज खण्ड-4, गोमती नगर, लखनऊ** में सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया|

उक्त महाधिवेशन में आम सदस्यों की सहमति से संगठनों की कार्यसमितियों का पुनर्गठन करने के साथ ही संगठन के विधान में आवश्यक संशोधन भी किया जाएगा| आर्गनाइजेशन परिवार के सभी सदस्यों से हम अपील करते हैं कि आप सभी लोग उक्त महाधिवेशन कार्यक्रम में आवश्यक रूप से ससमय उपस्थित होकर संगठन के इस पुनीत कार्यक्रम में अपना पूर्ण योगदान करें| पुनः हमारा आप सभी से अनुरोध है कि कार्यक्रम में सहभागिता हेतु निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुँच कर समय से कार्यक्रम शुरू करने में संगठन के कार्यकर्ताओं को सहयोग करें|

मित्रों, वास्तव में वर्तमान में हम ऐसे दौर से गुज़र रहे हैं जबकि बैंक परिवर्तन की राह पर है| निरंतर बैंक में नए नए कार्यों का दबाव बढ़ता जा रहा है, लगातार बढ़ रही अनर्जक आस्तियों का दबाव भी हम लोगों के लिए चिंता का विषय है| "बैंक विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा" में आगे बढ़े तथा किस तरह से बैंकों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो यह भी हम बैंक कार्मिकों के लिए एक बड़ी चुनौती है| ऐसे में हमें संगठन स्तर से भी पूर्णतः जागरूक होना पड़ेगा क्योंकि हमारा संगठन कर्तव्यों के पश्चात अधिकारों की बात करता है|

**(कृ०पृ०प०)**

**Dream India: Clean India, Green India**
**(भारत माता की जय)**

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

# ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
# &
# ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है तथा हमें देश की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के लिए भी अपने आपको समर्पित रखना होगा| इन सब के लिए हम सिर्फ और सिर्फ अपनी संस्थान में पूर्ण लगन, ईमानदारी और निष्ठापूर्वक कार्य करना है| हम संस्था के माध्यम से जनुपयोगी कार्य कर सकें तथा आमजन के सामाजिक व आर्थिक विकास में संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों में पूर्ण योगदान कर सकें, यही हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए| भारतीय मज़दूर संघ की नीति के अनुसार ऐसा करने पर हम अपने अधिकारों के लिए, कार्मिक हितों के लिए बैंक प्रबंधन तथा भारत सरकार से संगठनात्मक स्तर पर किए जाने वाले संघर्षों में दृढ़ता से आगे बढ़ने में सक्षम होंगे एवं निश्चित रूप से सफलता भी प्राप्त करेंगे|

साथियों, चाहे संस्थाहित हो या कार्मिकहित हो इन दोनों के लिए भी हमें संगठन को मज़बूत करना होगा| संघेशक्ति: की भावना से आगे बढ़ते हुए हम एक सशक्त तथा सक्रिय कार्यसमिति का गठन आगामी अधिवेशन में करें ताकि हमारा संगठन संघर्ष की राह पर हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हो तथा संगठन राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं कार्मिकहित की नीति में पूर्णतः सफल हो|

साथ ही हमारा आर्यावर्त बैंक के सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों से जिसमें सभी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हैं, से अनुरोध है कि वे भी समारोह में अपनी उपस्थिति से पूर्ण सहभागिता करें जिससे कि संगठन सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्णय ले सके एवं भविष्य में सभी समस्याओं के निवारणार्थ सेवानिवृत्त कार्मिकों की समिति का पुनर्गठन करवाकर उसे सशक्त स्वरूप प्रदान किया जा सके| साथ ही आप सभी सेवानिवृत्त आदरणीय वरिष्ठजन कार्यरत संगठन की नवीन कार्यकारिणी को अपना आशीर्वाद प्रदान करें|

हम पुनः आप सभी कार्यरत भाई-बहनों एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों का आवाहन करते हैं कि आगामी दिनांक 23-07-2022 दिन शनिवार, को लखनऊ के **The Grand JBR, CF-129, विराज खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** में सम्पन्न होने जा रहे कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति कार्यक्रमानुसार समय से पूर्व अवश्य सुनिश्चित करें तथा अपनी सक्रिय सहभागिता एवं संगठनात्मक समर्पण से कार्यक्रम को पूर्णतः सफल बनाएँ ताकि आप सभी के सहयोग से पूर्ण सक्रिय, जागरूक एवं सशक्त कार्यसमिति का पुनर्गठन किया जा सके|

समय का विशेष ध्यान रखें क्योंकि कार्यक्रम निमन्वत तरीके से दो चरणों में सम्पन्न किया जाएगा|

**प्रथम चरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. शुभारम्भ एवं स्वागत भाषण | : | प्रातः 10:00 बजे |
| 2. अतिथिगणों का सम्बोधन | : | प्रातः 10:30 बजे |
| 3. संगठनात्मक परिचर्चा एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं पर विचार | : | प्रातः 11:30 बजे से |
| 4. विधान संशोधन प्रस्ताव | : | मध्यान्ह 12:30 बजे |
| 5. महामंत्री प्रतिवेदन | : | मध्यान्ह 01:00 बजे |
| **6. भोजनावकाश** | **:** | **अपरान्ह 01:30 बजे से 02:30 बजे तक** |

**(कृ०पृ०प०)**

# ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
# &
# ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

## द्वितीय चरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. वर्तमान कार्यसमिति को भंग करना | : | अपरान्ह 02:30 बजे |
| 2. चुनाव अधिकारी की नियुक्ति | : | अपरान्ह 02:45 बजे |
| 3. नयी कार्यसमिति का गठन | : | अपरान्ह 03:00 बजे |
| 4. चयनित कार्यसमिति का शपथ ग्रहण | : | अपरान्ह 03:30 बजे |
| 5. धन्यवाद प्रस्ताव एवं समापन | : | अपरान्ह 04:00 बजे |

**जय हिन्द**

**जय भारत**

भवदीय

महामंत्री
वर्कर्स आर्गनाइजेशन

महामंत्री
आफ़ीसर्स आर्गनाइजेशन

**Dream India: Clean India, Green India**
**(भारत माता की जय)**